प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 06.12.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—शिक्षा विभाग में संलग्न करने संबंधी शिक्षकों की दोबारा पेश की गई याचिका को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज किया।

2—केन्द्र सरकार ने इंडिगो को किरायों का लंबित भुगतान, यात्रियों को बिना किसी देरी के जारी करने के दिए निर्देश।

3—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि नक्सलवाद आज अपने अंतिम चरण में है और यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

4— राष्ट्र, आज भारतरत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी सत्तरवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

**हाईकोर्ट—याचिका खारिज**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सैकड़ों शिक्षकों द्वारा दोबारा अलग—अलग पेश की गई स्कूल शिक्षा विभाग में संलग्नीकरण संबंधी याचिका को खारिज कर दिया है। इस याचिका में शिक्षकों ने शासन से यह मांग की थी कि उन्हें दो वर्ष की सेवा अवधि पूरा करने के बाद शिक्षा विभाग में संलग्न किया जाए।

न्यायाधीश ए.के. प्रसाद ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वरिष्ठता हमेशा कानूनी नियमों और किसी खास कैडर की सेवा में आने की तारीख से लागू होती है। वर्ष दो हजार अट्ठारह के नियमों के तहत आठ साल की सेवा अवधि पूरी होने पर ही शिक्षकों को शिक्षा विभाग में संलग्न किया गया था। इसलिए याचिकाकर्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए वरिष्ठता के नियमों में बदलाव नहीं किया जा सकता।

**इंडिगो—निर्देश**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इंडिगो को यात्रियों को किरायों का लंबित भुगतान, बिना किसी देरी के जारी करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी रद्द या बाधित उड़ानों के लिए भुगतान प्रक्रिया कल रात आठ बजे तक पूरी हो जानी चाहिए। एयरलाइनों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे उन यात्रियों से कोई पुनर्निर्धारण शुल्क न लें, जिनकी यात्राएं विमान रद्द होने के कारण प्रभावित हुई हैं। भुगतान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी या अनुपालन न होने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि इंडिगो ने आज सुबह पूरे देश में एक सौ नौ उड़ानें रद्द की हैं।

## मुख्यमंत्री–नक्सलवाद

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि नक्सलवाद आज अपने अंतिम चरण में है और यह छत्तीसगढ़ के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इकतीस मार्च दो हजार छब्बीस तक पूरे देश से नक्सलवाद को खत्म करने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का जो संकल्प है, वह अब साकार होता नजर आ रहा है। श्री साय ने कहा कि अब बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में शांति और स्थिरता की मजबूत नींव स्थापित हो रही है। नक्सलवाद के कारण वर्षों तक विकास से वंचित रहे क्षेत्रों में अब सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, पर्यटन और आजीविका के नए आयाम खुल रहे हैं।

## विजय शर्मा–जवान मुलाकात

---

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर के निजी अस्पताल पहुंचकर बीजापुर जिले में मुठभेड़ के दौरान घायल हुए तीन जवानों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने घायल जवानों से घटना की जानकारी ली और मुठभेड़ में शहीद हुए तीन जवानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री शर्मा ने चिकित्सकों को जवानों के बेहतर इलाज के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने घायल जवानों के परिजनों से भी मुलाकात की।

गौरतलब है कि बीते तीन दिसंबर को भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान आईईडी विस्फोट में तीन जवान घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए रायपुर लाया गया है। इस मुठभेड़ में अट्ठारह माओवादी भी मारे गए थे।

## बीजापुर–सुरक्षा कैम्प

---

बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के ताड़पाल घाटी में डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा और जनसुविधा कैम्प स्थापित किया गया है। इस कैम्प की स्थापना से क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियानों को गति मिलेगी। वर्ष दो हजार चौबीस से अब तक बीजापुर जिले में
तेईस नये सुरक्षा कैम्प स्थापित किए जा चुके हैं।

## एसआईआर

---

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान–एसआईआर के तहत अब तक प्रदेश में दो करोड़ ग्यारह लाख से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जो कुल प्राप्त गणना प्रपत्रों का निन्यानवे दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत है।

इस बीच, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके ने बताया कि जिले में एसआईआर का काम तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे एसआईआर कार्य में मदद करें और अपने फॉर्म निर्धारित अवधि में जमा करें।

**फ्लाईओवर–राशि मंजूर**

राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से एयरपोर्ट तक सुगम यातायात व्यवस्था के लिए कई फ्लाईओवर्स की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसी के तहत लोक निर्माण विभाग ने गुरू तेगबहादुर उद्यान से तेलीबांधा में नेताजी सुभाष चौक से गुरूनानक चौक तक फ्लाईओवर के लिए एक सौ तिहत्तर करोड़ रूपये मंजूर किए हैं। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे इस फोरलेन फ्लाईओवर के निर्माण से शंकर नगर चौक, केनाल रोड क्रॉसिंग और गुरूनानक चौक में यातायात की समस्या दूर होने की संभावना है।

**अंबेडकर–पुण्यतिथि**

राष्ट्र, आज भारतरत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनकी सत्तरवीं पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य प्रमुख नेताओं ने आज नई दिल्ली में डॉक्टर अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की।

इधर, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने भी लोकभवन में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने डॉक्टर अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने भारत की लोकतांत्रिक संरचना को नवीन दिशा दी।

**स्पेशल ट्रेन**

शीतकाल के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा बिलासपुर और मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस–एलटीटी के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। यह ट्रेन बिलासपुर से दस दिसंबर को एलटीटी के लिए रवाना होगी। वहीं, बारह दिसंबर को यह ट्रेन एलटीटी से बिलासपुर तक चलेगी।

वहीं, दुर्ग और दिल्ली के हज़रत निज़ामुद्दीन स्टेशन के बीच भी एक स्पेशल ट्रेन कल सात दिसंबर से शुरू होगी।

इसी तरह, हावड़ा–मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस–सीएसएमटी  के बीच एक फेरे के लिए विशेष ट्रेन आज से शुरू की गई है। इस ट्रेन का ठहराव छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के अलावा गोंदिया में भी दिया गया है।

**पीएम विकसित भारत रोजगार योजना**

'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' के तहत रायपुर के दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त गौरव डोगरा शामिल हुए। इस मौके पर 'प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना' की जानकारी दी गई। योजना के तहत नई नियुक्तियों को प्रोत्साहित करने के साथ ही औपचारिक रोजगार संरचना को विस्तार दिया जा रहा है।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी, एमिटी और मैट्स यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न शैक्षणिक तथा औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत–बेमेतरा

---

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिला और बाल विकास विभाग और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बेमेतरा के सरस्वती शिशु मंदिर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्त भारत के उद्देश्य, बाल विवाह के दुष्परिणामों और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को बाल विवाह के उन्मूलन के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## बाल विवाह मुक्त भारत–विशेष कार्यक्रम

---

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर प्रादेशिक समाचार एकांश रायपुर द्वारा तैयार किए गए विशेष कार्यक्रम का प्रसारण कल सात दिसंबर को सुबह नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर पच्चीस मिनट तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम अपलिंक पर उपलब्ध रहेगा और इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र करेंगे।

## निहारिका नाग–स्वर्ण पदक

---

बलरामपुर–रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की छात्रा निहारिका नाग ने आंध्रप्रदेश में आयोजित छठवीं ईएमआरएस राष्ट्रीय सांस्कृतिक और साहित्यिक कला उत्सव–उद्भव में मिट्टी कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पहले, निहारिका ने जगदलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था।

## कबड्डी प्रतियोगिता

---

हरियाणा में आयोजित पैंतीसवीं सब–जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने रजत पदक हासिल किया है। टीम की खिलाड़ियों ने उपमुख्यमंत्री तथा खेल मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर आगामी प्रतियोगिताओं के लिए अपनी तैयारियों को साझा किया। इस मौके पर श्री साव ने खिलाड़ियों की शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उन्हें प्रोत्साहन राशि वितरित की। भारतीय कबड्डी संघ के तत्वावधान में यह स्पर्धा सत्ताईस से तीस नवंबर तक हरियाणा में आयोजित की गई थी।

वहीं, अखिल भारतीय विद्युत महिला खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने आठ पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह स्पर्धा तीन से पांच दिसंबर तक चेन्नई में आयोजित की गई थी।

## बेमेतरा–फसल बीमा पाठशाला

---

बेमेतरा जिले के मड़ई गांव में किसानों के लिए फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पंजीयन की प्रक्रिया, क्रॉप कटिंग और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में दावा दाखिल करने की प्रक्रिया सहित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

**<u>समाचार संक्षेप में ...</u>**

–जांजगीर–चांपा जिले के कमरीद गांव में एक मालवाहक वाहन के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने के कारण चालक की मौत हो गई। वहीं, पांच अन्य लोग घायल हो गए हैं।

–गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के गौरेला स्थित आईटीआई में आठ दिसंबर को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

–कोंडागांव के जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में ग्यारह दिसंबर को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>